# छत्तीसगढ़ शासन,
# सामान्य प्रशासन विभाग
# मंत्रालय
# महानदी भवन, नया रायपुर

## विज्ञापन

**क्रमांक एफ 9–16/2011/1–8** **रायपुर, दिनांक 07 दिसंबर, 2012**

## छत्तीसगढ़ मंत्रालय में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में नीचे दर्शाये गये रिक्त पदों पर भरती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय (मूल) निवासियों से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा निर्धारित ओ.एम.आर. प्रारूप में 11.12.2012 से . 31.12.2012 तक आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

**रिक्त पदों का विवरण –**

**1. सहायक प्रोग्रामर :– 02 पद** (01 अनारक्षित, 01 अनु0 जनजाति हेतु)

वेतनमान रूपये 9300–34800/–, + ग्रेड वेतन 4300/–

**2. शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) – 04 पद**

वेतनमान रूपये 5200–20200/– + ग्रेड वेतन 2800/–

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित) वर्ग | 01 | 01 | – | – | 02 |
| 02 | अनुसूचित जाति | – | – | – | – | – |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 01 | – | – | – | 01 |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 01 | – | – | – | 01 |
| | | 03 | 01 | – | – | 04 |

**3. शीघ्रलेखक (हिन्दी)– 16 पद**

वेतनमान रूपये 5200–20200/– + ग्रेड वेतन 2800/–

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित) वर्ग | 04 | 02 | 01 | – | 07 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 01 | 01 | – | – | 02 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 03 | 01 | 01 | – | 05 |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 01 | 01 | – | – | 02 |
| | | 09 | 05 | 02 | – | 16 |

4. स्टेनो टायपिस्ट– 40 पद

वेतनमान रू. 5200–20200/– + ग्रेड वेतन रू. 1900/–,+विशेष वेतन रू. 125/–

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित) वर्ग | 09 | 05 | 02 | 01 | 17 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 02 | 02 | 01 | – | 05 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 07 | 04 | 01 | 01 | 13 |
| 04 | अन्य पिछ़डा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 02 | 02 | 01 | – | 05 |
| | | 20 | 13 | 05 | 02 | 40 |

4.1 स्टेनो टायपिस्ट (बैकलॉग भर्ती के पद) –04 पद

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित) वर्ग | – | – | – | 01 | 01 |
| 02 | अनुसूचित जाति | – | – | – | 01 | 01 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 01 | 01 | – | – | 02 |
| 04 | अन्य पिछ़डा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | – | – | – | – | – |
| | | 01 | 01 | – | 02 | 04 |

5. सहायक ग्रेड–3 (सीधी भर्ती के पद)– 147 पद

वेतनमान रूपये 5200–20200/– + ग्रेड वेतन रू. 1900/–,

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित) वर्ग | 33 | 19 | 06 | 04 | 62 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 10 | 05 | 02 | 01 | 18 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 25 | 14 | 05 | 03 | 47 |
| 04 | अन्य पिछ़डा वर्ग (क्रीमीलेयरको छोड़कर) | 11 | 06 | 02 | 01 | 20 |
| | | 79 | 44 | 15 | 09 | 147 |

5.1 सहायक ग्रेड–3 (बैकलॉग भर्ती के पद)–84 पद

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित) वर्ग | – | – | – | 07 | 07 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 13 | 08 | 02 | 02 | 25 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 16 | 09 | 03 | 03 | 31 |
| 04 | अन्य पिछ़डा वर्ग (क्रीमीलेयरको छोड़कर) | 10 | 06 | 02 | 03 | 21 |
| | | 39 | 23 | 07 | 15 | 84 |

**6. डाटा एन्ट्री आपरेटर – 01 पद (आरक्षण मुक्त)**

वेतनमान रूपये 5200–20200/– + ग्रेड वेतन रू. 2400/–,

**7. ग्रंथालय सहायक – 02 पद (01 अना., 01 अनु.ज.जा.)**

वेतनमान रूपये 5200–20200/– + ग्रेड वेतन रू. 2400/–,

(III) **संसदीय कार्य विभाग हेतु निम्नलिखित पदों की सीधी भर्ती :–**

**01. स्टेनो टायपिस्ट (अनुसूचित जनजाति) – 01 (एक) पद**
**02. सहायक ग्रेड–3 (अनुसूचित जनजाति) – 01 (एक) पद**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा निर्धारित ओ.एम.आर. आवेदन पत्र दिनांक 11.12.2012 से 27.12.2012 तक सभी जिला मुख्यालय तथा दिनांक 28.12.2012 से 31.12.2012 तक संभागीय मुख्यालय, रायपुर, बिलासपुर, अम्बिकापुर और जगदलपुर के प्रधान/मुख्य डाकघर से निर्धारित परीक्षा शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं । डाकघरों में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 01.01.2013 है । परीक्षा शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 700/– तथा अनु.जाति/अनु.जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 500/– रू. है ।

**परीक्षा तिथि 27 जनवरी 2013 समय 9.00 बजे से 12.15 बजे एवं 2.00 से 5.15 बजे**

**1. विज्ञापित पदों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है जिसके लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।**

**2. भर्ती की कार्यवाही एवं प्रक्रिया प्रशासकीय कारणों से कभी भी सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा सकेगा। इसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।**

परीक्षा में शामिल होने हेतु विस्तृत विज्ञापन जिसमें वांछित शैक्षणिक अर्हता, पाठ्यक्रम एवं अन्य शर्तें दी गई हैं, सामान्य प्रशासन विभाग की वेवसाइट www.cg.nic.in/gad तथा व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**(सचिव द्वारा अनुमोदित)**

(जेवियर तिग्गा)
संयुक्त सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग,

# छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, रायपुर

## विज्ञापन

**क्रमांक एफ 9–16/2011/1–8 रायपुर, दिनांक दिसंबर, 2012**

## छत्तीसगढ़ मंत्रालय में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में नीचे दर्शाये गये रिक्त पदों पर भरती के लिये निम्नलिखित शर्तों एवं प्रक्रिया अनुसार छत्तीसगढ़ के स्थानीय (मूल) निवासियों से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा निर्धारित ओ.एम.आर. प्रारूप में 11.12.2012 से 31.12.2012 तक आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

**भाग –1**

(I) छत्तीसगढ़ मंत्रालय में सहायक प्रोग्रामर, शीघ्रलेखक (अंग्रेजी), शीघ्रलेखक (हिन्दी), स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी), सहायक ग्रेड–3, डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं ग्रंथालय सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयन का विधि इस भाग में दर्शायी जा रही है। भाग –2 में परीक्षा संचालन के नियमों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। आवेदन पत्र भरने के पूर्व आवेदक स्वयं सुनिश्चित कर लें कि वे नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यतायें एवं आयु सीमा संबंधी शर्तों के अंतर्गत पात्रता रखते हैं अथवा नहीं। यदि कोई आवेदक परीक्षा के किसी भी चरण में अथवा परीक्षाफल घोषित होने के बाद अनर्ह पाया जाता है तो उसकी उम्मीद्वारी/परीक्षा परिणाम निरस्त किया जा सकता है।

(II) उक्त पदों पर नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक रिट पिटीशन (सी) क्रमांक 591/2012, रिट पिटीशन (सी) क्रमांक 592/2012, रिट पिटीशन(सी) क्रमांक 593/2012 तथा रिट पिटीशन (सी) क्रमांक 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्ययीन रहेंगी एवं माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम आदेश/निर्णय के अनुसार विज्ञापित किए गए पदों की वर्गवार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है।

(III). छत्तीसगढ़, मंत्रालय में निम्नानुसार पदों की पूर्ति की जानी है –

**1. सहायक प्रोग्रामर :– 02 पद** (01 अनारक्षित, 01 अनु0 जनजाति हेतु)

**2. शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) – 04 पद**

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित)वर्ग | **01** | **01** | – | – | **02** |
| 02 | अनुसूचित जाति | – | – | – | – | – |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | **01** | – | – | – | **01** |
| 04 | अन्य पिछ़डा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | **01** | – | – | – | **01** |
| | | **03** | **01** | – | – | **04** |

**3. शीघ्रलेखक (हिन्दी)– 16 पद**

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित)वर्ग | 04 | 02 | 01 | – | 07 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 01 | 01 | – | – | 02 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 03 | 01 | 01 | – | 05 |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 01 | 01 | – | – | 02 |
| | | 09 | 05 | 02 | – | 16 |

## 4. स्टेनो टायपिस्ट– 40 पद

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित)वर्ग | 09 | 05 | 02 | 01 | 17 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 02 | 02 | 01 | – | 05 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 07 | 04 | 01 | 01 | 13 |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 02 | 02 | 01 | – | 05 |
| | | 20 | 13 | 05 | 02 | 40 |

## 4.1 स्टेनो टायपिस्ट (बैकलॉग भर्ती के पद) –04 पद

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित)वर्ग | – | – | – | 01 | 01 |
| 02 | अनुसूचित जाति | – | – | – | 01 | 01 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 01 | 01 | – | – | 02 |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | – | – | – | – | – |
| | | 01 | 01 | – | 02 | 04 |

## 5. सहायक ग्रेड–3 (सीधी भर्ती के पद)– 147 पद

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
| 01 | सामान्य (अनारक्षित)वर्ग | 33 | 19 | 06 | 04 | 62 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 10 | 05 | 02 | 01 | 18 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 25 | 14 | 05 | 03 | 47 |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयरको छोड़कर) | 11 | 06 | 02 | 01 | 20 |
| | | 79 | 44 | 15 | 09 | 147 |

## 5.1 सहायक ग्रेड–3 (बैकलॉग भर्ती के पद)–84 पद

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | योग |
|---|---|---|---|

| | | पुरूष | महिला | भू.पू.सै. | विकलांग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सामान्य (अनारक्षित)वर्ग | — | — | — | 07 | 07 |
| 02 | अनुसूचित जाति | 13 | 08 | 02 | 02 | 25 |
| 03 | अनुसूचित जनजाति | 16 | 09 | 03 | 03 | 31 |
| 04 | अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयरको छोड़कर) | 10 | 06 | 02 | 03 | 21 |
| | | 39 | 23 | 07 | 15 | 84 |

**6. डाटा एन्ट्री आपरेटर — 01 पद (आरक्षण मुक्त)**

**7. ग्रंथालय सहायक — 02 पद (01 अना., 01 अनु.ज.जा.)**

(III) **संसदीय कार्य विभाग हेतु निम्नलिखित पदों की सीधी भर्ती :—**

**01. स्टेनो टायपिस्ट (अनुसूचित जनजाति) — 01 (एक) पद**
**02. सहायक ग्रेड—3 (अनुसूचित जनजाति) — 01 (एक) पद**

**सहायक प्रोग्रामर का कर्त्तव्य** — कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का कार्य।

**शीध्रलेखक का कर्तव्य** — डिक्टेशन एवं टाईपिंग का कार्य।

**स्टेनो टायपिस्ट के कर्त्तव्य** — डिक्टेशन एवं टाईपिंग का कार्य।

**सहायक ग्रेड—3 के कर्त्तव्य** — आवक—जावक, हिन्दी टाईपिंग, रिकार्डिंग एवं सहायक ग्रेड—1 अथवा सहायक ग्रेड—2 के कार्य में सहायता आदि।

**डाटा एन्ट्री आपरेटर के कर्त्तव्य** — डाटा एन्ट्री का कार्य।

**ग्रंथालय सहायक के कर्त्तव्य** — वरिष्ठ ग्रंथालय के कार्य में सहायता।

**(4) पद का विवरण, श्रेणी, वेतनमान, शैक्षणिक/तकनीकी अर्हताएं :—**

**(4.1)** **सहायक प्रोग्रामर** :—

(i) सेवा श्रेणी — तृतीय श्रेणी

(ii) वेतनमान रूपये 9300—34800/—, + ग्रेड वेतन 4300/—

(iii) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं** :—

(क) प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक./बी.एस.सी. (इंजीनियरिंग) या स्नातक कम से कम 60 प्रतिशत अंक अथवा समतुल्य श्रेणी। **अथवा**

(ख) एम.सी.ए./एम.सी.एम./सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर भौतिक शास्त्र/गणित/सांख्यिकीय/ऑपरेशनरिसर्च/अर्थशास्त्र /कम्प्यूटर साइंस में प्रथम श्रेणी में एम. एस.सी./एम.ए.या स्नातक में कम से कम 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य श्रेणी । **अथवा**

(ग) बी.सी.ए./बी. सी.एम./सूचना प्रोद्यौगिकी में स्नातक भौतिक शास्त्र/

गणित/सांख्यिकीय/ऑपरेशनरिसर्च/अर्थशास्त्र/बी.एस.सी./बी.ए. कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर सांइस में कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा या कम से कम कुल 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य श्रेणी।

(4.2) <u>शीघ्रलेखक</u> (अंग्रेजी) :–

(i) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ii) वेतनमान रूपये 5200–20200/–, + ग्रेड वेतन 2800/–

(iii) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं** :–

(1) मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या (10+2) उत्तीर्ण या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।

(2) अंग्रेजी शीघ्रलेखन क्रमशः 100 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ तथा कम्प्यूटर से 35 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ अंग्रेजी मुद्रलेखन मान्यता प्राप्त मण्डल /संस्था या शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परिषद से।

(क) अंग्रेजी शीघ्रलेखक के लिए क्रमषः 100 शब्द तथा 35 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी शीघ्रलेखन तथा कम्प्यूटर में अंग्रेजी टाईप लेखन परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने का प्रमाण पत्र धारण करता हो।

(3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा /प्रमाण–पत्र तथा डाटा एन्ट्री का 10,000 की (ज्ञमल) डिप्रेषन प्रति घंटा गति होना चाहिये।

**नोटः**–(1) उपरोक्त क्रमांक 1 से 3 तक का डिप्लोमा/प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी होने के दिनांक को धारित हो।

(2) उपरोक्त क्रमांक 2 एवं 3 की दक्षता की जांच, प्रायोगिक दक्षता की कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यार्थियों की दक्षता/कौशल परीक्षा के समय ही की जायेगी।

(4.3) <u>शीघ्रलेखक</u> (हिन्दी) :–

(i) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ii) वेतनमान रूपये 5200–20200/–, + ग्रेड वेतन 2800/–

(iii) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं** :–

(1) मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या (10+2) उत्तीर्ण या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।

(2) मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था या शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परिषद सेः– हिन्दी शीघ्रलेखन क्रमशः 100 शब्द प्रति मिनट तथा कम्प्यूटर में हिन्दी मुद्रलेखन 30 शब्द प्रति मिनट होना चाहिए।

(क) हिन्दी शीघ्रलेखन तथा कम्प्यूटर में हिन्दी टाईप लेखन परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने का प्रमाण पत्र धारण करता हो।

(3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा डाटा एन्ट्री का 10,000 की (Key) डिप्रेषन प्रति घंटा गति होना चाहिये।

**नोटः–**(1) उपरोक्त क्रमांक 1 से 3 तक का डिप्लोमा/प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी होने के दिनांक को धारित हो।

(2) उपरोक्त क्रमांक 2 एवं 3 की दक्षता की जांच, प्रायोगिक दक्षता की कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यार्थियों की दक्षता/कौशल परीक्षा के समय ही की जायेगी।

**(4.4) <u>स्टेनो टायपिस्ट</u> (हिन्दी) :–**

(i) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ii) वेतनमान रू. 5200–20200/–, + ग्रेड वेतन रू. 1900/–,
+विशेष वेतन रू. 125/–

(iii) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं :–**

(1) मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या (10+2) उत्तीर्ण या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।

(2) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 25 शब्द प्रति मिनट की गति से कम्प्यूटर में हिन्दी टाईप लेखन परीक्षा उत्तीर्ण साथ ही हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रति मिनट की गति।

(3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोगामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा डाटा एन्ट्री का 5,000 की (Key) डिप्रेषन प्रति घंटा की गति होना चाहिये ।

**नोटः–**(1) उपरोक्त क्रमांक 1 से 3 तक का डिप्लोमा/प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी होने के दिनांक को धारित हो।

(2) उपरोक्त क्रमांक 2 एवं 3 की दक्षता की जांच, प्रायोगिक दक्षता की कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यार्थियों की दक्षता/कौशल परीक्षा के समय ही की जायेगी।

**(4.5) <u>सहायक ग्रेड–3</u>**

(i) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ii) वेतनमान रूपये 5200–20200/–, + ग्रेड वेतन रू. 1900/–,

(iii) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं :–**

(1) किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।

(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा,

(3) कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना चाहिए।

**नोटः–**(1) उपरोक्त क्रमांक 1 से 2 का डिप्लोमा/प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी होने के दिनांक को धारित हो।

(2) उपरोक्त शैक्षणिक योग्यताओं संबंधी डिप्लोमा/प्रमाण पत्रों की जांच, दक्षता/ कौशल परीक्षा के समय की जावेगी।

**(4.6) डाटा एन्ट्री आपरेटर** :–

(i) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ii) वेतनमान रूपये 5200–20200/–, + ग्रेड वेतन रू. 2400/–,

(iii) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं** :–

1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण **अथवा** मण्डल से 10 वीं (10+2) उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा तथा कम्प्यूटर में डाटा एन्ट्री का हिन्दी एवं अंग्रेजी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति।

**नोटः**–(1) उपरोक्त क्रमांक 1 से 2 तक का डिप्लोमा/प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी होने के दिनांक को धारित हो।

(2) उपरोक्त क्र. 2 की दक्षता की जांच, प्रायोगिक दक्षता की कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यार्थियों की दक्षता/कौशल परीक्षा के समय ही की जायेगी।

**(4.7) ग्रंथालय सहायक** :–

(i) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ii) वेतनमान रूपये 5200–20200/– + ग्रेड वेतन रू. 2400/–,

(iii) **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं** :–

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक उपाधि प्राप्त तथा कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/डिग्री।

**नोटः**–(1) उपरोक्त क्रमांक 1 का डिप्लोमा/प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी होने के दिनांक को धारित हो।

(2) दक्षता की जांच, प्रायोगिक दक्षता की कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यार्थियों की दक्षता/कौशल परीक्षा के समय ही की जायेगी।

**5. महत्वपूर्ण टीप** :–

1. उम्मीदवारों की जानकारी के लिये यह स्पष्ट किया जाता है कि विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है अर्थात संख्या विभाग की आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

2. उपरोक्त पदों के समक्ष वेतनमान दर्शाया गया है तथा निर्धारित वेतनमान में राज्य शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

3. **परिवीक्षा अवधि** – चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति 02 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।

6. **आयु सीमा** :– उम्मीद्वार को आयु संबंधी निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी अर्थात् :–

**दिनांक 01.01.2013** को उसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, किन्तु 30 वर्ष की आयु पूरी न की हो। सहायक प्रोग्रामर एवं ग्रंथालय सहायक के लिए 01.01.2013 को न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष पूर्ण कर ली हो।छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी निवासी के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होगी।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर), महिला, विकलांग उम्मीदवारों, शासकीय कर्मचारियों, भूतपूर्व सैनिकों एवं छूट की पात्रता रखने वाले अन्य अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जावेगी ।

**7. नियुक्ति हेतु चयन विधि :–**

उपरोक्त रिक्त सभी पदों पर चयन हेतु एक समान स्वतंत्र लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जायेगी। चयन हेतु दो भाग में परीक्षाएं होंगी। एक लिखित परीक्षा होगी तथा दूसरी प्रायोगिक (कौशल) परीक्षा होगी

1. लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर रिक्त पदों का तीन गुना तक अभ्यर्थी दक्षता परीक्षा हेतु आमंत्रित किये जायेंगे, इसमें न्यूनतम कटआफ अंक पाने वाले एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में यह संख्या तीन गुना से अधिक भी हो सकती है। उम्मीदवार को प्रायोगिक (कौशल) परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उम्मीदवार को न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करना होगा। लिखित परीक्षा एवं दक्षता परीक्षा के प्राप्तांकों को जोड़कर प्रावीण्य सूची तैयार की जायेगी और उसी सूची के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, रायपुर द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा। उपरोक्त पदों पर प्रावीण्य सूची के साथ प्रतीक्षा सूची भी जारी किया जायेगा जो अधिकतम एक वर्ष के लिए वैध होगा, तथा उक्त अवधि में उद्भूत होने वाले रिक्त पदों की पूर्ति प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों से किया जा सकेगा।
2. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जाएगी। जिन अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
3. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार विभाग को होगा।
4. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. चयनित उम्मीदवारों को पुलिस व्हेरीफिकेशन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के चयनित उम्मीदवारों के जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, छत्तीसगढ़ रायपुर से किये जाने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।
6. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है अतएवं नियुक्ति के शर्तो अनुसार किसी समय भी सेवा समाप्ति की जा सकती है।

**प्रथम भाग – लिखित परीक्षा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ,रायपुर द्वारा एक समान लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसमें दो प्रश्न पत्र रहेंगे । निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे :–

प्रश्न पत्र – 1 – सामान्य मानसिक योग्यता एवं सामान्य ज्ञान – 200 अंक

प्रश्न पत्र – 2 :–

खण्ड – 1 सामान्य हिन्दी (कक्षा 12 वीं स्तर तक) – 100 अंक

खण्ड – 2 सामान्य गणित (कक्षा 10 वीं स्तर तक) – 60 अंक

खण्ड – 3 सामान्य अंग्रेजी (कक्षा 10 वीं स्तर तक) – 40 अंक

**कुल अंक 400 अंक**

सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिये गये होंगे जिसमें से एक ही विकल्प सही होगा।

**पाठ्यक्रम :– विस्तृत पाठ्यक्रम एवं अन्य विवरण व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर उपलब्ध होगा ।**

द्वितीय भाग – प्रायोगिक परीक्षा (कौशल परीक्षा) :– यह परीक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जावेगी।

उपर्युक्त लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर मेरिट क्रम के अनुसार रिक्त पदों के तीन गुना उम्मीदवारों को सहायक ग्रेड–3 के संबंध में हिन्दी मुद्रलेखन और कम्प्यूटर तथा स्टेनों टायपिस्ट पद के संबंध में हिन्दी शीध्रलेखन, मुद्रलेखन और कम्प्यूटर की प्रायोागिक परीक्षा के लिये आमंत्रित किया जावेगा। दो उम्मीद्वारों द्वारा समान अंक अर्जित करने की दशा में प्रथमतः अधिक आयु वाले उम्मीदवार को वरिष्ठता दी जायेगी। यदि आयु भी समान हो तो प्रथम खंड सामान्य मानसिक योग्यता एवं सामान्य ज्ञान में अधिक अंक पाने वाले उम्मीद्वार को वरिष्ठता दी जायेगी। हिन्दी मुद्रलेखन की प्रायोगिक परीक्षा के लिये न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की गति होना आवश्यक है। कम्प्यूटर में डाटा एन्ट्री का 5,000 की 'डिप्रेशन की गति' होना अनिवार्य है। स्टेनो टायपिस्ट पद के लिये आयोजित प्रायोगिक परीक्षा हेतु हिन्दी शीघ्रलेखन 60 शब्द प्रतिमिनट की गति से डिक्टेशन दिया जायेगा. जिसे अनुवाद कर समय–सीमा में शुद्धता से टाईप करना होगा तथा कम्प्यूटर में डाटा एन्ट्री का 5,000 की 'डिप्रेशन की गति' होना अनिवार्य होगा। लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा में उम्मीद्वार के प्रदर्शन के आधार पर चयन हेतु श्रेणी/वर्गवार मेरिट लिस्ट बनाई जावेगी। हिन्दी शीघ्रलेखन, मुद्रलेखन एवं कम्प्यूटर की उपर्युक्त प्रायोगिक परीक्षा केवल रायपुर में आयोजित की जायेगी जिसकी तिथि एवं स्थान की सूचना मेरिट क्रम अनुसार संबंधित उम्मीद्वारों को पृथक से विभाग द्वारा दी जायेगी। प्रायोगिक परीक्षा के लिये बुलाये गये अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कराया जायेगा। प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उम्मीदवारी/परीक्षा परिणाम निरस्त किया जा सकेगा। प्रायोगिक (कौशल) परीक्षा छत्तीसगढ़ शासन का सामान्य प्रशासन विभाग किसी स्वतंत्र संस्था से आयोजित करा सकेगा। प्रायोगिक (कौशल) परीक्षा में निम्नानुसार पूर्णांक रहेंगे :–

**(i) सहायक प्रोग्रामर हेतु :–**

| | | |
|---|---|---|
| कौशल परीक्षा | **कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग (हिन्दी एवं अंग्रेजी) कार्य संबंधी** | 70 अंक |
| | कम्प्यूटर टाइपिंग (हिन्दी/अंग्रेजी) | 30 अंक |
| | **कुल अंक** | **100 अंक** |

**(ii) शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) हेतु :–**

| | | |
|---|---|---|
| कौशल परीक्षा | डिक्टेशन/कम्प्यूटर टाईपिंग | 50 अंक |
| | कम्प्यूटर टाइपिंग (अंग्रेजी) | 50 अंक |
| | **कुल अंक** | **100 अंक** |

**(iii) शीघ्रलेखक (हिन्दी) हेतु :–**

| | | |
|---|---|---|
| कौशल परीक्षा | डिक्टेशन / कम्प्यूटर टाईपिंग | 50 अंक |
| | कम्प्यूटर टाइपिंग (हिन्दी) | 50 अंक |
| | **कुल अंक** | **100 अंक** |

**(iv) स्टेनो टायपिस्ट हेतु :–**

| | | |
|---|---|---|
| कौशल परीक्षा | डिक्टेशन / कम्प्यूटर टाईपिंग | 50 अंक |
| | कम्प्यूटर टाइपिंग (हिन्दी) | 50 अंक |
| | **कुल अंक** | **100 अंक** |

**(v) सहायक ग्रेड–3 हेतु :–**

| | | |
|---|---|---|
| कौशल परीक्षा | कम्प्यूटर टाइपिंग (हिन्दी) | 100 अंक |

**(vi) डाटा एन्ट्री आपरेटर हेतु :–**

| | | |
|---|---|---|
| कौशल परीक्षा | कम्प्यूटर टाइपिंग (हिन्दी) | 70 अंक |
| | कम्प्यूटर टाइपिंग (अंग्रेजी) | 30 अंक |
| | **कुल अंक** | **100 अंक** |

**(vii) ग्रंथालय सहायक हेतु :–**

| | | |
|---|---|---|
| कौशल परीक्षा | कम्प्यूटर टाइपिंग (हिन्दी) | 70 अंक |
| | कम्प्यूटर टाइपिंग (अंग्रेजी) | 30 अंक |
| | **कुल अंक** | **100 अंक** |

नोटः– लिखित परीक्षा के लिये उम्मीद्वारों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा शहर / केन्द्र तक जाना होगा तथा इसके लिये किसी भी प्रकार का व्यय नहीं दिया जायेगा। प्रायोगिक परीक्षा हेतु (हिन्दी शीघ्रलेखन, हिन्दी मुद्रलेखन एवं कम्प्यूटर आपरेटिंग) बुलाये गये छत्तीसगढ़ के ऐसे स्थानीय (मूल) निवासी को जो कहीं सेवारत न हो एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को आवेदक है, को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने पर छत्तीसगढ़ शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय का नगद भुगतान वापसी यात्रा के पूर्व दिया जायेगा, जिसके लिये वांछित घोषणा पत्र भरकर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबंधित सभी प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्य अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमीलेयर में आने वाले आवेदकों को आरक्षण, आयु सीमा में छूट एवं यात्रा व्यय संबंधी लाभ नहीं मिलेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रायोगिक परीक्षा (हिन्दी शीघ्रलेखन, हिन्दी मुद्रलेखन एवं कम्प्यूटर आपरेटिंग) में अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों को चयन के लिये अनर्ह माना जायेगा, भले ही लिखित परीक्षा में उनके प्राप्तांक, चयनित अंतिम उम्मीदवार जो दोनों लिखित व प्रायोगिक परीक्षा में बैठा हो, से अधिक क्यों न हो। उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं (लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा) में प्राप्तांकों के आधार पर योग्य उम्मीदवारों की श्रेणीवार / वर्गवार तथा अलग से संयुक्त प्रावीण्य सूचियां तैयार की जावेंगी तथा प्रतीक्षा सूचीयां भी तैयार की जायेंगी, परन्तु ऐसे उम्मीद्वारों को नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा जब तक कि नियुक्तिकर्ता अधिकारी का ऐसी जांच के बाद जो आवश्यक समझी जाये, इस बात से समाधान न हो जाये कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से योग्य है।

**परीक्षा शहर** :– लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित शहरों में आयोजित की जायेगी :–

(1) अम्बिकापुर (2) सूरजपुर (3) बलरामपुर (4) बिलासपुर (5) मुंगेली (6) जशपुर (7) रायगढ़ (8) जांजगीर–चांपा (9) कांकेर (10) कोरबा (11) कोरिया (12) रायपुर (13) बलौदाबाजार (14) गरियाबंद (15) दुर्ग (16) बालोद (17) बेमेतरा (18) राजनांदगांव (19)कवर्धा (20) धमतरी (21) महासमुंद (22) बस्तर (23) कोण्डागांव (24) दंतेवाड़ा (25) सुकमा (26) नारायणपुर (27) बीजापुर यदि किसी शहर में आवेदकों की संख्या 300 से कम होगी तो वहां परीक्षा केन्द्र स्थापित करना आवश्यक नहीं होगा। **अभ्यर्थियों द्वारा अंकित परीक्षा शहर को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल उपलब्ध स्थानों के अनुसार उम्मीदवारों को परीक्षा शहर आबंटित करेगा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल,रायपुर के लिये यह आवश्यक एवं बंधनकारी नहीं होगा कि आवेदक द्वारा मांगा गया परीक्षा शहर ही आबंटित किया जाये। परीक्षा शहर में केन्द्रों की क्षमता एवं प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर परीक्षा केन्द्र/शहर आबंटित करेगा। परीक्षा शहर/केन्द्र परिवर्तन हेतु किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## भाग – 2

## छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर के निर्देश

1. **आवेदन पत्रों का विक्रय एवं परीक्षा तिथि –**

**(i)** **आवेदन पत्र डाकघर से प्राप्त करने की तिथि –**

**(अ) 11.12.2012 से 27.12.2012 तक सभी जिला मुख्यालय के डाकघरों से।**

**(ब) 28.12.2012 से 31.12.2012 तक केवल संभागीय मुख्यालय, रायपुर, बिलासपुर, अम्बिकापुर और जगदलपुर के प्रधान/मुख्य डाकघर से।**

**(स) आवेदन पत्र डाकघर में जमा करने की अंतिम तिथि – 01.01.2013**

**(ii)** परीक्षा तिथि– **27-01-2013, SUNDAY**

समय – **Paper I - 9.00 to 12.15 a.m.**

**Paper II - 2.00 to 5.15 p.m.**

2. आवेदन पत्र क्रय करते समय आपको निम्न सामग्री उपलब्ध कराई जावेगी :–
   01. आवेदन पत्र क्रय करने की रसीद ।
   02. ओ.एम.आर. आवेदन पत्र (लिफाफे के अंदर)
   03. भरा हुआ ओ.एम.आर. आवेदन पत्र (नमूनार्थ) ।
3. कोई भी अभ्यर्थी एक आवेदन पत्र क्रय कर एक या एक से अधिक पदों हेतु परीक्षा में शामिल हो सकता है । ओ.एम.आर. आवेदन पत्र में दर्शाये गये पदों में जिस पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं, सम्बंधित पद/पदों के सामने के गोला को काला (Dark) करें ।

4. **परीक्षा शुल्क :–**

(अ) अनारक्षित **वर्ग एवं** अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु — 700/— रू.
(ब) अ.ज.जा. एवं अ.जा. वर्ग हेतु — 500/— रू.

5. **आवेदन पत्र जमा करना :—** भरा हुआ ओ.एम.आर. आवेदन पत्र का लिफाफा जिला मुख्यालय के प्रधान/मुख्य डाकघर में बिना डाक शुल्क के 01.01.2013 तक जमा किया जा सकेगा । जमा करने पर डाकघर द्वारा पावती दी जावेगी । लिफाफे में ओ.एम. आर. आवेदन पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई भी दस्तावेज न रखें ।

6. **आवेदन पत्र भरने संबंधी आवश्यक निर्देश :—**

1. ओ.एम.आर. आवेदन पत्र को भलीभांति पढ़ लेवें, पश्चात् सावधानीपूर्वक वांछित जानकारी भरें । ध्यान रहे कि ओ.एम.आर. आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि या कांटछांट न हो ।
2. यदि ओ.एम.आर. आवेदन पत्र में किसी चौखाने में भरी जानकारी एवं उससे संबंधित गोले में भरी गई जानकारी में अंतर पाया जाता है तो गोले में भरी गई जानकारी अंतिम माना जावेगा ।
3. परीक्षा संपन्न होने के उपरांत ओ.एम.आर. आवेदन पत्र में दी गई जानकारी को बदलने के संबंध में किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जावेगा । आवेदक ओ.एम.आर. आवेदन पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं के नाम एवं फोटो लेने के तारीख सहित रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो चिपकाएं । फोटो पर हस्ताक्षर न किया जाए ।

**विशेषः—** भरे हुए ओ.एम.आर. आवेदन पत्र भेजने के पूर्व उसकी फोटो कापी अपने पास सुरक्षित रखें ।

7. **परीक्षा केन्द्र का चयन :—**

इस परीक्षा हेतु 27 जिला मुख्यालयों में परीक्षा केन्द्र होंगे । तद्नुसार परीक्षार्थी **किसी एक शहर का चयन कर** सम्बंधित कोड नंबर पर गोला लगावें ।

8. **मुल्यांकन पद्धति :—**

प्रत्येक प्रश्न पत्र का सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर शून्य अंक दिये जायेगे । परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किए जाएंगे उनके लिए भी शून्य अंक दिये जायेंगे । ऋणात्मक अंक नहीं दिये जाएंगे ।

**दावा/आपत्ति के निराकरण :—**

परीक्षा सम्पन्न होने के बाद व्यापम द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पत्र विलेषण पश्चात मॉडल उत्तर तैयार कराया जाता है तथा उसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है । यदि किसी परीक्षार्थी को व्यापम द्वारा जारी मॉडल उत्तर पर आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर सप्रमाण दावा/आपत्ति (किसी गाइड बुक का प्रमाण मान्य नहीं होगा।) व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या ईमेल आई.डी. cgvyapam@gmail.com से भेजा जासकता है । **बिना प्रमाण अथवा रोल नंबर अथवा नाम के दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।** प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण पश्चात निराकरण किया जाता है तथा मॉडल उत्तर में आवश्यक संशोधन या निरसन पश्चात अंतिम उत्तर तैयार किया जाता है, जिसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया

जाता है तथा उसी के आधार पर व्यापम द्वारा उत्तरशीट का मूल्यांकन किया जाता है । **व्यापम द्वारा जारी अंतिम उत्तर पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा ।**

**9. परीक्षा परिणाम :–**

परीक्षा में उन सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जावेगा, जो परीक्षा आवेदन पत्र जमा करेंगे तथा परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की प्रवीण्य सूची के आधार पर लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया जावेगा । व्यापम द्वारा आवेदन पत्र की स्क्रूटनी नहीं की जाती है । आप इस परीक्षा हेतु निर्धरित योग्यता रखते हैं यह आपकी जवाबदारी है । वांछित सभी प्रमाण–पत्र संबंधित विभाग के समक्ष/नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना होगा ।

**10. त्रुटिपूर्ण प्रश्न, उसका निरस्तीकरण एवं बदले में देय अंक –**

परीक्षा उपरांत छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रत्येक प्रश्न का विश्लेषण कर मॉडल उत्तर तैयार किया जाता है । विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न के त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर निरस्त कर दिया जाता है।

**निम्नलिखित कारणों से प्रश्न निरस्त किए जा सकते हैः–**

1. प्रश्न की संरचना गलत हो,
2. उत्तर के रूप में दिये गये विकल्पों में एक से अधिक विकल्प सही हो,
3. कोई भी विकल्प सही न हो,
4. एक भी उत्तर सही या स्पष्ट न हो,
5. कोई अन्य मुद्रण त्रुटि हो, जिससे सही उत्तर प्राप्त न हो ।

विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई अनुशंसा अनुसार ऐसे निरस्त किए गए प्रश्नों के लिये सभी अभ्यार्थियों को उस प्रश्न पत्र में उनके द्वारा अर्जित अंकों के अनुपात में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल बोनस अंक प्रदान करता है । भले ही उसने निरस्त किए गए प्रश्नों को हल किया हो या नहीं ।

**मूल्यांकन, पद्धति निम्नानुसार होगी :–** यदि 200 प्रश्नों के प्रश्न पत्र में दो प्रश्न निरस्त किये जाते हैं और मूल्यांकन के बाद अभ्यर्थी के 112 उत्तर सही पाए जाते है तो बोनस अंक सहित उसके कुल प्राप्त अंको की गणना इस प्रकार होगी –

$$\frac{\text{परीक्षार्थी के सही उत्तरों की संख्या} \times \text{कुल प्रश्न}}{\text{कुल प्रश्न} - \text{निरस्त प्रश्न}} = \frac{112 \times 200}{200-2} = 113.131$$

इसी आधार पर मेरिट निर्धारित होगी ।

**11. पुनर्गणना/पुनर्मुल्यांकन :–**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा उत्तर शीट का मूल्यांकन कम्प्यूटर द्वारा ओ.एम.आर. पद्धति से किया जाता है । अतः इस परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जावेगा ।

**12. प्रवेश पत्र (Admit Card) :–**

(क) समय सीमा के अंदर प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल अभ्यार्थियों को परीक्षा के लगभग 10 दिवस के पूर्व परीक्षा प्रवेश पत्र (Test Admit Card) डाक द्वारा प्रेषित करेगा । इसमें अभ्यर्थी की महत्वपूर्ण जानकारी यथा अभ्यर्थी का स्केन्ड फोटोग्राफ, परीक्षा केन्द्र का नाम, रोल नम्बर, श्रेणी आदि अंकित की जावेगी । अभ्यर्थी इसकी भली–भांति जांच कर लें । यदि परीक्षा प्रवेश पत्र में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण हो तो वह त्रुटि सुधार हेतु तुरंत छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर के कार्यालय में संपर्क कर आवश्यक संशोधन करा लेवें । परीक्षा पश्चात् किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जावेगा । चाहे वह त्रुटि व्यापम कार्यालय स्तर पर ही क्यों न हुई हो।

(ख) छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल परीक्षा के लिए जारी प्रवेश पत्र वापस लेने, रद्द करने अथवा संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(ग) अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में परीक्षा प्रवेश पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जावेगा ।

(घ) अलटरनेट परीक्षा प्रवेश पत्र – छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अभ्यर्थियों का परीक्षा प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाईट **cgvyapam.choice.gov.in** अथवा **www.cgvyapam.gov.in** पर परीक्षा के तीन दिन पूर्व जारी कर दिया जावेगा । वे अभ्यर्थी जिनको डाक द्वारा परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त न हो व्यापम की बेबसाईट में अलटरनेट परीक्षा प्रवेश का प्रिंट आउट कप्राप्त कर सकते है । इंटरनेट से प्राप्त परीक्षा प्रवेश पत्र में रंगीन फोटोग्राफ (नाम तथा दिनांक प्लेट सहित) चिपकाएं तथा परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए संबंधित केन्द्राध्यक्ष से प्रवेश पत्र में चिपकाए गए फोटो का प्रमाणीकरण कराना आवश्यक है।

यदि किसी अभ्यर्थी को व्यापम द्वारा भेजा गया परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है और न ही व्यापम की वेबसाईट पर उसे जानकारी उपलब्ध होती है तो अभ्यर्थी स्वयं के दो पासपोर्ट साईज के रंगीन फोटोग्राफ (नाम और दिनांक प्लेट सहित) आवेदन क्रय करने की रसीद, डाकघर में आवेदन पत्र जमा करने की रसीद तथा ओ.एम.आर. आवेदन पत्र की फोटोकापी के साथ परीक्षा शहर के परीक्षा समन्वय केन्द्र (लीड कॉलेज) पर जाकर डुप्लीकेट प्रवेश पत्र बनवाकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। इस हेतु तथा अन्य पत्राचार हेतु परीक्षा आवेदन फार्म को भेजने से पूर्व उसकी छायाप्रति अपने पास अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखें ।

**(सचिव द्वारा अनुमोदित)**

(जेवियर तिग्गा)
संयुक्त सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग